gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 जनवरी 2021

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

15-21 जनवरी 2021

प्रिय पाठकों,

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट तीसरे **सप्ताह** (15-21) **जनवरी 2021** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. किस बैंक के साथ महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स ने आवास ऋण मंजूरियों में तेजी लाने के साथ-साथ दोनों कंपनियों के ग्राहकों और कर्मचारियों को विशेष छूट प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं _____**भारतीय स्टेट बैंक (SBI)।**

नोट:

- महिंद्रा लाइफस्पेस और SBI ने पूरे भारत में घर खरीदने वाले लोगों के लिए एक बेहतर और समेकित अनुभव को सक्षम करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह SBI और महिंद्रा लाइफस्पेस के ग्राहकों और कर्मचारियों को विभिन्न सह-विज्ञापन संबंधी गतिविधियां और पहल प्रदान करता है।
- घर खरीदने वाले लोगों को अनुमोदित परियोजनाओं के लिए शीर्षक जांच रिपोर्ट (TIR) प्राप्त करने और मूल्यांकन पर किए गए खर्चों की बचत से लाभ होगा।

2. इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने भारत के किस शहर में पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी शुरू की है_____**बेंगलुरु।**

नोट:

- इसने 'टेस्ला इंडिया मोटर्स एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से बेंगलुरु, कर्नाटक में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ के साथ पंजीकरण किया है।
- यह भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन के लिए कर्नाटक के धारवाड़ में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया में है। इसने स्वयं को 15 लाख रुपये की अधिकृत पूंजी के साथ एक निजी कंपनी के रूप में पंजीकृत किया है।

3. किस कंपनी ने दुनिया भर में 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया _____**एप्पल।**

नोट:

- 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्य के साथ एप्पल दुनिया की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में सबसे ऊपर है, इसके बाद 1.640 ट्रिलियन के साथ माइक्रोसॉफ्ट और 1.610 ट्रिलियन के साथ अमेजन और 1.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ अल्फाबेट है।
- यह सूची चीन के लक्जरी चाय ब्रांड एम्पेरेयूर के सहयोग से हुरुन द्वारा जारी की गई।
- 2020 हुरुन ग्लोबल 500 लिस्ट - हुरुन रिसर्च की दुनिया भर की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में कुल 11 भारतीय कंपनियां शामिल हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. कौन सी भारतीय आईटी कंपनी फिडेलिटी इंफॉर्मेशन सर्विसेज (FIS) की सहायक कंपनी हांगकांग स्थित पेमेंट्स टेक्नोलॉजी सर्विस लिमिटेड (PTSL) की 100% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी_____ **टेक महिंद्रा।**

नोट:

- इस अधिग्रहण के संबंध में, टेक महिंद्रा ने FIS के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए थे।
- अधिग्रहण से टेक महिंद्रा को इंटरनेट प्रोटोकॉल (IP) एक्सेस और दो उत्पादों - ओपन पेमेंट फ्रेमवर्क (OPF) और मल्टी-बैंक सिस्टम (MBS) के लिए लाइसेंस मिलेंगे।
- इस समझौते के साथ, टेक महिंद्रा ने अपनी BFSI (बैंकिंग, फाइनेंस सर्विस और इंश्योरेंस) मौजूदगी का विश्व स्तर पर विस्तार करने की योजना बनाई है। इस रणनीति के समर्थन में, टेक महिंद्रा भारत के चेन्नई में अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र (CoE) का भी निर्माण करेगी।

5. किस भुगतान बैंक ने भारत के अनर्जित और बैंक रहित हिस्से में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख भुगतान संसाधक और एकीकृत भुगतान उत्पादों के प्रदाता, फाइनेंशियल सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स (FSS) के साथ साझेदारी की है_____ **इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक।**

नोट:

- इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु, IPPB FSS आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (AePS) का उपयोग करेगा।
- FSS के AePS समाधान के साथ IPPB साझेदारी में एक शाखा रहित व्यापार मॉडल, डिजिटल वितरण और माइक्रो-टार्गेटिंग की निम्न लागत वाली संरचना शामिल है जो अधिग्रहण लागत कम करती है और ग्रामीण क्षेत्र में सभी ग्राहकों तक पहुंचती है।
- इस साझेदारी के बाद, IPPB बैंक किसी भी बैंक के ग्राहकों को अंतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने वाला भारत का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

6. किस बैंक ने आदित्य बिड़ला वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में 'वेलनेस एंड वेलनेस प्लस' क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है_____ **यस बैंक।**

नोट:

- जैसा कि उपभोक्ताओं को बच्चों की होम-स्कूलिंग, वर्क फ्रॉम होम और प्रियजनों तथा सहकर्मियों के साथ भौतिक संपर्क के अभाव की नई वास्तविकताओं का सामना करना पड़ रहा है, यह अपनी देखभाल, मानसिक और शारीरिक कल्याण को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव कदम है।
- उपभोक्ता अब आदित्य बिड़ला मल्टीप्लाय ऐप पर पंजीकरण करके बहुत सारे मानार्थ स्वास्थ्य लाभ का आनंद ले सकते हैं।

7. किस बैंक ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) के श्रमिकों को प्रीपेड कार्ड जारी करने के लिए नए युग के फिनटेक नियो (Niyo) के साथ भागीदारी की है_____ **ICICI बैंक।**

नोट:

- MSME अब, अपने अधिकांश बैंक रहित ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए वीज़ा संचालित ICICI बैंक नियो भारत पेरोल कार्ड प्राप्त करने में सक्षम होंगे।
- इसके साथ, MSME कार्ड पर अपने श्रमिकों के वेतन को अपलोड कर सकते हैं, जिसे श्रमिक अपनी आवश्यकता के अनुसार सहज तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- 'ICICI बैंक नियो भारत पेरोल कार्ड' व्यक्ति को कार्ड खाते में 1 लाख तक की धनराशि प्राप्त करने की अनुमति देता है।

8. ADB ने सतत विकास लक्ष्यों (SDG) और पेरिस समझौते के अनुसार जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने हेतु एक स्वच्छ और सतत महासागर साझेदारी शुरू करने के लिए किस बैंक के साथ साझेदारी की है_____ **यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक।**

नोट:

- इस संबंध में, दोनों संस्थाएं एशिया और प्रशांत क्षेत्र में पहल का समर्थन करेंगी।
- यह साझेदारी अधिक प्रभावी परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए दोनों संस्थाओं की क्षमता को मजबूत करेगी।
- वे ब्लू इकोनॉमी के SDG हासिल करने में अपने सहयोगियों की मदद करने के लिए संयुक्त तकनीकी सहायता कार्यक्रम और सलाहकार सहायता भी विकसित करेंगे।

9. भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक, ICICI बैंक और HDFC बैंक घरेलू रूप से व्यवस्थित महत्वपूर्ण बैंक (D-SIB) बने रहेंगे जो 'टू बिग टू फेल' हैं। रिजर्व बैंक ने D-SIBs से निपटने के लिए रूपरेखा कब जारी की थी_____ **वर्ष 2014।**

नोट:

- SIB को उच्च स्तरीय पर्यवेक्षण के अधीन किया जाता है ताकि किसी भी विफलता की स्थिति में वित्तीय सेवाओं में व्यवधान को रोका जा सके।
- रिजर्व बैंक ने D-SIBs से निपटने के लिए जुलाई 2014 में रूपरेखा जारी की थी।
- D-SIBs फ्रेमवर्क में केंद्र सरकार को वर्ष 2015 से लेकर D-SIBs के रूप में नामित बैंकों के नाम जारी करने की आवश्यकता होती है और इन उधारदाताओं को उनके सिस्टमेटिक इम्पॉर्टेंट स्कोर (SIS) के आधार पर उपयुक्त श्रेणियों में रखा जाता है।

10. किस कंपनी ने जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के हवाई अड्डों के संचालन, विकास और प्रबंधन के लिए राष्ट्र के स्वामित्व वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) के साथ रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **अडानी ग्रुप।**

नोट:

- रियायत समझौते में निर्दिष्ट नियमों और शर्तों के अनुसार, अडानी ग्रुप को छह महीने के भीतर हवाई अड्डों का अधिकार संभालना होगा।
- रियायतीग्राही 50 वर्ष तक हवाईअड्डे का प्रबंधन, विकास और संचालन करेगा।
- गौतम अडानी की अगुवाई वाली अडानी एंटरप्राइजेज फरवरी 2019 में अहमदाबाद, जयपुर, मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम और लखनऊ में AAI-संचालित हवाई अड्डों के लिए सर्वाधिक बोली लगाने वालों के रूप में सामने आई, जिन्हें सार्वजनिक सार्वजनिक भागीदारी (PPP) मॉडल के तहत निजीकरण के लिए रखा गया था।

11. किस फिनटेक कंपनी ने अपनी अधिकांश एशिया प्रशांत वेबसाइटों पर डिजिटल एक्सेलरेशन फॉर स्मॉल बिजनेसेज़ लॉन्च किया है_____ **मास्टरकार्ड।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- वन-स्टॉप रिसोर्स साइट लघु और मध्यम उद्यमों (SME) के लिए सूचना और संसाधन प्रदान करती है ताकि वे अपने व्यवसाय को अधिक कुशलता से डिजिटल बनाकर संचालित कर सकें।
- मास्टरकार्ड ने SME हेतु संसाधन बढ़ाने के लिए विक्स और ज़ोहो के साथ साझेदारी की है।

12. किस बैंक ने किसी भी बैंक के ग्राहकों को फॉरेक्स प्रीपेड कार्ड प्राप्ति में मदद हेतु विदेशी मुद्रा भागीदारों के लिए 'InstaFX' ऐप लॉन्च किया है_____ **ICICI बैंक।**

नोट:

- InstaFX ऐप अधिकृत मनी चेंजर्स, जो बैंक के साझेदार हैं, को KYC सत्यापन और ग्राहकों के प्रमाणीकरण को डिजिटल रूप में और वास्तविक समय पर पूरा करने में सक्षम बनाता है।
- यह सुविधा ग्राहक सुविधा में काफी सुधार करती है क्योंकि ICICI बैंक फॉरेक्स प्रीपेड कार्ड' कुछ ही घंटों में एक्टिव हो जाता है।

13. किस बैंक ने MSME को ऋण देने के लिए IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड के साथ को-लेंडिंग अरेंजमेंट में प्रवेश किया है_____**स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक।**

नोट:

- इस साझेदारी के तहत, IIFL होम फाइनेंस और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक साथ में इन ऋणों की शुरुआत करेंगे और IIFL होम फाइनेंस सोर्सिंग, दस्तावेजीकरण, संग्रह और लोन सर्विसिंग सहित पूरे ऋण काल के माध्यम से ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा।
- 16 जनवरी 2021 को IIFL होम फाइनेंस और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के बीच उक्त को-लेंडिंग अरेंजमेंट के लिए निश्चित समझौतों को अंजाम दिया गया था।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध व्यक्ति उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थे_____ **शास्त्रीय संगीतकार।**

नोट:

- 3 मार्च, 1931 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में जन्मे, खान चार भाइयों और तीन बहनों के परिवार में सबसे बड़े थे।
- उनके पिता, उस्ताद वारिस हुसैन खान प्रसिद्ध संगीतकार उस्ताद मुराद बख्श के पुत्र थे, जबकि उनकी मां, साबरी बेगम, उस्ताद इनायत हुसैन खान की पुत्री थीं, जिन्हें संगीत के रामपुर-सहसवान घराने के संस्थापक का श्रेय दिया जाता है।
- खान ने बुनियादी शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण अपने पिता से प्राप्त किया और बाद में अपने चचेरे भाई, उस्ताद निसार हुसैन खान के संरक्षण में संगीत का अध्ययन किया।

2. प्रसिद्ध महिला डॉ. वी. शांता का हाल ही में निधन हो गया, वह एक प्रसिद्ध थीं_____ **ऑन्कोलॉजिस्ट।**

नोट:

- डॉ. वी. शांता कैंसर देखभाल पर अपने काम के लिए और अपने गुरु के साथ कैंसर संस्थान के निर्माण के लिए जानी जाती थीं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह संस्थान सभी रोगियों को उनकी आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए जाना जाता है।
- डॉ. वी. शांता को उनके काम के लिए मैगसेसे पुरस्कार, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई पुरस्कार मिले। डॉ. शांता अस्पताल में भर्ती होने तक कार्यरत थीं।

3. प्रेसिजन ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स इंडिया (PARI) के सह-संस्थापक जिनका हाल ही में निधन हो गया_____**मंगेश काले।**

नोट:

- काले ने 1990 में रंजीत दाते के साथ कंपनी की स्थापना की थी।
- PARI, जो औद्योगिक और रोबोट स्वचालन में समाधानों का एक प्रमुख प्रदाता है, दिसंबर 2020 में एक अज्ञात राशि के लिए विप्रो इंफ्रास्ट्रक्चर को बेच दिया गया था।
- पुणे स्थित मुख्यालय की एक अन्य कंपनी पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के संस्थापक आनंद देशपांडे ने ट्वीट कर कहा कि यह एक भारी व्यक्तिगत क्षति थी।

4. प्रसिद्ध व्यक्ति कमल मोरारका का हाल ही में निधन हो गया है, वह एक अनुभवी थे_____ **उद्योगपति और केंद्रीय मंत्री।**

नोट:

- 74 वर्षीय नेता, एक व्यापारी BCCI के पूर्व उपाध्यक्ष भी थे। वह समाजवादी जनता पार्टी (चंद्र शेखर) के अध्यक्ष थे। वह 1988 में राज्यसभा के लिए चुने गए।

5. प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ माता प्रसाद का हाल ही में निधन हो गया, वह किस राज्य के पूर्व राज्यपाल थे _____ **अरुणाचल प्रदेश।**

नोट:

- अरुणाचल के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 1988- 89 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सरकार में मंत्री के तौर पर कार्य किया और 1993 में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त किए गए।

महत्वपूर्ण दिवस

1. भारत में थल सेना दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है _____**15 जनवरी।**

नोट:

- भारत 15 जनवरी 2021 को अपना 73वां सेना दिवस मना रहा है।
- 15 जनवरी, 1949 को, तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करियप्पा ने भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय थलसेना के कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभाला।

2. राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प्स (NCC) द्वारा इंडिया गेट, नई दिल्ली में आयोजित 'स्वच्छता पखवाड़ा' का विषय क्या है_____**'क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया, ये है मेरा ड्रीम इंडिया'।**

नोट:

- इस समारोह का उद्घाटन रक्षा सचिव अजय कुमार ने किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस स्वच्छता पखवाड़ा का विषय 'क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया, ये है मेरा ड्रीम इंडिया' है।
- स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान NCC कैडेट बैनर प्रदर्शित करके, पंपलेट बांट कर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता दिखाकर जागरूकता फैलाएंगे और राजपथ को गणतंत्र दिवस परेड - 2021 के लिए स्वच्छ रखेंगे।

3. भारत सरकार ने किस तारीख को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हर वर्ष 'पराक्रम दिवस' मनाने का निर्णय लिया है_____**23 जनवरी।**

नोट:

- यह दिवस नेताजी की राष्ट्र के प्रति अदम्य भावना और निस्वार्थ सेवा के सम्मान और उन्हें याद करने के लिए मनाया जाएगा।
- भारत सरकार ने नेताजी की 125वीं जयंती वर्ष को जनवरी 2021 से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शानदार तरीके से मनाने का फैसला किया है।

4. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) स्थापना दिवस हर वर्ष किस तारीख को मनाया जाता है _____ **19 जनवरी।**

नोट:

- NDRF 19 जनवरी, 2006 को अस्तित्व में आया।
- विशेष टास्क फोर्स का गठन "खतरनाक आपदा स्थिति या आपदा हेतु विशेष प्रतिक्रिया" के लिए किया गया है।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण NDRF का मूल निकाय है। देश में 12 अलग-अलग स्थानों पर स्थित, 12 NDRF बटालियन हैं।

नई नियुक्तियां

1. नज़हत शमीम खान को एक अभूतपूर्व गुप्त मतदान में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की अध्यक्ष के रूप में चुना गया, वह संयुक्त राष्ट्र संस्था में किस देश की राजदूत हैं_____ **फिजी।**

नोट:

- जिनेवा में द्वीप राष्ट्र की राजदूत, नज़हत शमीम खान ने दुनिया भर में मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिए एकमात्र अंतर-सरकारी संस्था के नेतृत्व हेतु बहरीन और उजबेकिस्तान के प्रतिस्पर्धियों को हराया।
- खान, जिन्होंने 2020 में परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया और उन्हें एक अधिकार चैंपियन माना जाता है, ने 47 में से 29 मत जीते।
- बहरीन के राजदूत और उनके उज़्बेक समकक्ष को क्रमशः 14 और 4 मत मिले।

2. दूरसंचार उपकरण और सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (TEPC) का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया_____ **संदीप अग्रवाल।**

नोट:

- दिल्ली स्थित पैरामाउंट कम्युनिकेशंस के प्रबंध निदेशक और प्रवर्तक श्री अग्रवाल श्यामल घोष से पदभार ग्रहण करेंगे।
- TEPC एक स्वतंत्र संस्था है जो सरकार द्वारा दूरसंचार उपकरण और सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए स्थापित की गई है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- अग्रवाल PHDCCI की दूरसंचार समिति के मुख्य संरक्षक भी हैं, इसके अलावा दूरसंचार उपकरण निर्माता संघ (TEMA) के अध्यक्ष और रेलवे केबल डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

3. किसे सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया गया_____ **नरेंद्र मोदी।**

नोट:

- वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के बाद दूसरे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें मंदिर ट्रस्ट का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- ट्रस्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ट्रस्ट के आठवें अध्यक्ष बन गए हैं।
- पिछले वर्ष अक्टूबर में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के निधन के बाद सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष का पद रिक्त हो गया था।

4. आयुष मंत्री श्रीपद नाइक के एक सड़क दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती होने और उपचार के दौरान आयुष मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार किसे सौंपा गया_____ **किरेन रिजिजू।**

नोट:

- आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, और होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपद येसो नाइक का गोवा के एक अस्पताल में इलाज के चलते यह कदम उठाया गया।
- 68 वर्षीय श्री नाइक को कर्नाटक से गोवा वापस जाते समय एक दुर्घटना के बाद 12 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

5. तीन वर्ष के लिए RBL बैंक का प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) किसे नियुक्त किया गया है_____ **विश्ववीर आहूजा।**

नोट:

- बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से अनुमोदन के लिए इस पुनर्नियुक्ति की सिफारिश की है।
- वह 30 जून 2010 से RBL बैंक के MD और CEO हैं।
- जुलाई 2010 में RBL बैंक में शामिल होने से पहले, वह 2001 से 2009 तक बैंक ऑफ अमेरिका, भारत के MD और CEO थे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2021 की उद्घाटन फिल्म_____ **अपुर संसार।**

नोट:

- पश्चिम बंगाल के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान वर्चुअली मुंबई से उद्घाटन समारोह में शामिल हुए।
- 26 KIFF के एक भाग के रूप में, 81 फिल्में और 50 लघु फिल्मों और 45 से अधिक देशों की डाक्यूमेंट्री को 8 स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें राज्य संचालित हॉल, नंदन, रवीन्द्र सदन, कलकत्ता सूचना केंद्र, सिसिर मंच और अन्य शामिल हैं।
- सत्यजीत रे की "अपुर संसार" को उद्घाटन फिल्म के रूप में दिखाया गया।

2. दुनिया भर की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची में भारत की रैंक क्या है_____**दसवीं।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इन 11 कंपनियों के कुल मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 805 बिलियन डॉलर या भारतीय GDP की लगभग एक तिहाई आंकी गई है।
- हुरुन ग्लोबल 500 रिपोर्ट के अनुसार तंबाकू कंपनी ITC और दूसरे सबसे बड़े निजी क्षेत्र के ऋणदाता ICICI बैंक को छोड़कर गैर-राज्यीय उद्यमों की सूची में इन सभी कंपनियों ने महामारी प्रभावित 2020 के दौरान मूल्य में वृद्धि हासिल की।

3. किस मंत्रालय ने हरित और स्वच्छ ऊर्जा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक महीने के जन जागरूकता अभियान 'SAKSHAM' की शुरुआत की_____ **पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय।**

नोट:

- अखिल भारतीय अभियान स्वच्छ ईंधन अपनाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इनमें गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना, जीवाश्म ईंधन का स्वच्छ उपयोग, जैव इंधनों के संचालन हेतु घरेलू स्रोतों पर अधिक निर्भरता और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग में वृद्धि शामिल है।

4. प्रारंभ: स्टार्टअप इंडिया इंटरनेशनल समिट 2021 किस शहर में आयोजित की गई थी _____**नई दिल्ली।**

नोट:

- प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चौथी BIM में की गई घोषणा के आगे के कार्यक्रम के रूप में, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।
- छठा STEC शिखर सम्मेलन अगस्त 2018 में काठमांडू में आयोजित किया गया था।
- शिखर सम्मेलन शुरू करते हुए, रेल, वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि शिखर सम्मेलन पड़ोसी पहले नीति का प्रदर्शन है जो सदस्य देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देगा।

5. भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित भारत की पहली स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित 'ड्राइवरलेस मेट्रो कार' का अनावरण किसने किया_____ **राजनाथ सिंह।**

नोट:

- 'ड्राइवरलेस मेट्रो कार' का निर्माण मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) MRS1 परियोजना के लिए BEML द्वारा किया जा रहा है।
- परियोजना के लिए 576 कारों की जरूरत है जिनकी आपूर्ति जनवरी 2024 तक की जाएगी।
- इस संबंध में, हाल ही में BEML ने ड्राइवरलेस मेट्रो कारों की कमीशनिंग, टेस्टिंग और 24 घंटे सेवा के लिए चारकोप मेट्रो डिपो, MMRDA, मुंबई में अपना डिपो कार्यालय खोला है।

6. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY 3.0) 2020-21 के तीसरे चरण का कुल खर्च जिसका उद्देश्य लगभग 8 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान करना है _____ **948.90 करोड़ रुपये।**

नोट:

- PMKVY 3.0 को पिछले 2 संस्करणों PMKVY 1.0 (2015-16) और PMKVY 2.0 (2016-2020) से सबक के आधार पर डिजाइन किया गया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- PMKVY 3.0 का लक्ष्य 848.90 करोड़ के खर्च के साथ 2020-21 की अवधि के दौरान लगभग 8 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- इसे कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) द्वारा लागू किया जाएगा और यह मांग-संचालित कौशल विकास, डिजिटल प्रौद्योगिकी और उद्योग 4.0 कौशल पर केंद्रित होगी।

7. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2018-19 में उत्पन्न ई-वेस्ट का कितना प्रतिशत एकत्र किया_____**10%।**

नोट:

- वर्ष 2017-18 में, भारत ने 7,08, 445 टन ई-वेस्ट उत्पन्न किया, जिसमें से केवल 3.5% एकत्र किया गया।
- आगे वर्ष 2019-20 में ई-वेस्ट की मात्रा 32% बढ़कर 1,014,961 टन हो गई।
- सितंबर, 2020 में, CPCB ने 2018-19 के लिए संग्रहण के लक्ष्यों को पूरा नहीं करने पर 186 उत्पादकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे।

8. किस मंत्रालय को IT-पहल और परिवर्तनकारी सुधारों के लिए "शासन में पारदर्शिता" श्रेणी के तहत SKOCH चैलेंजर अवॉर्ड मिला_____ **पंचायती राज मंत्रालय।**

नोट:

- पंचायती राज मंत्रालय ने देश भर के पंचायती राज संस्थानों (PRI) में ई-गवर्नेंस के परिणाम-आधारित प्रदर्शन में सुधार, बेहतर पारदर्शिता हेतु IT पहल और परिवर्तनकारी सुधारों के लिए "शासन में पारदर्शिता" श्रेणी के तहत SKOCH चैलेंजर अवॉर्ड प्राप्त किया।
- 70वें SKCHCH शिखर सम्मेलन के दौरान शासन में पारदर्शिता के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए SKOCH चैलेंजर अवार्ड दिया गया।

9. भारतीय कृषि वानिकी विकास सहकारी लिमिटेड (IFFDC) ने आदिवासी आजीविका उत्पादन के लिए एक साथ काम करने हेतु किस इकाई के साथ एक समझौता ज्ञापन किया_____ **TRIFED।**

नोट:

- दोनों संगठनों ने उद्यमिता कौशल और व्यवसाय विकास के क्षेत्र में आदिवासी कारीगरों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर एक-दूसरे के साथ साझेदारी के लिए सहमत व्यक्त की है।
- वे कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की पहलों और आदिवासी विकास प्रयासों को पहचानने और कार्यान्वित करने के लिए आगे भी सहयोग करेंगे।

10. किस संगठन ने ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर इंडिया इनोवेशन इंडेक्स जारी किया_____**नीति आयोग।**

नोट:

- इंडिया इनोवेशन इंडेक्स -2020 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को उनके नवाचार समर्थन के संबंध में प्रदर्शन के आधार पर रैंक करने और उनकी ताकत और कमजोरियों को उजागर करके उनकी नवाचार नीतियों में सुधार करने के लिए उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करता है।
- रैंकिंग की प्रक्रिया को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि राज्य नवाचारों में राष्ट्रीय मार्गदर्शकों से सबक ले सकते हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके प्रदर्शन की तुलना करने के लिए 17 बड़े राज्यों, 10 पूर्वोत्तर तथा पहाड़ी राज्यों और 9 नगर राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया है।
- राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दो व्यापक श्रेणियों: परिणाम और शासन में स्थान दिया गया है।

11. देशों को उनकी संभावित सैन्य ताकत के आधार पर रैंक देने वाले "ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2021" में भारत की रैंक_____**चौथी।**

नोट:

- प्रत्येक देश का मूल्यांकन दीर्घकालीन आक्रामक या रक्षात्मक सैन्य अभियान से संबंधित बहुसंख्यक कारकों पर किया जाता है।
- 904 अटैक हेलीकॉप्टर और 11 एयरक्राफ्ट कैरियर और 68 पनडुब्बियों और 40,000 बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों के साथ USA सूचकांक में सबसे ऊपर है।
- USA के बाद 189 लड़ाकू विमान और 538 अटैक हेलीकॉप्टर के साथ रूस का स्थान था।
- 1,200 लड़ाकू विमानों और 327 अटैक हेलीकॉप्टरों और 79 पनडुब्बियों के साथ चीन तीसरे स्थान पर रहा।

12. केंद्रीय सरकार द्वारा लड़कियों की विवाह योग्य आयु का मूल्यांकन करने के लिए गठित 10 सदस्यीय टास्क फोर्स जिसने प्रधानमंत्री कार्यालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अपनी सिफारिशें पेश कीं, की अध्यक्ष _____ **जया जेटली।**

नोट:

- समिति ने अपनी सिफारिशें प्रधानमंत्री कार्यालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजी हैं।
- समिति को गर्भावस्था, जन्म और उसके बाद शिशु मृत्यु दर (IMR), मातृ मृत्यु दर (MMR), कुल प्रजनन दर (TFR), जन्म के समय लिंगानुपात (SRB), बाल लिंगानुपात (CSR) आदि प्रमुख मापदंडों पर माता और नवजात/ शिशु/ बच्चे के स्वास्थ्य, चिकित्सीय कल्याण और पोषण स्थिति के साथ विवाह और मातृत्व की आयु के सहसंबंध की जांच करने का काम सौंपा गया था।

13. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) किस कंपनी के साथ मिलकर देश में क्वांटम कम्प्यूटिंग एप्लीकेशन लैब स्थापित करेगा _____**अमेजन वेब सर्विसेज (AWS)।**

नोट:

- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) क्वांटम कंप्यूटिंग निर्देशित अनुसंधान एवं विकास (R&D) को तेज करने और नए वैज्ञानिक अनुसंधान को सक्षम बनाने के लिए अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) के सहयोग से देश में क्वांटम कम्प्यूटिंग एप्लीकेशन लैब स्थापित करेगा।
- MeitY क्वांटम कम्प्यूटिंग एप्लीकेशन लैब विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में उन्नति हेतु सरकार के मंत्रालयों और विभागों, शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और डेवलपर्स को सेवा के रूप में क्वांटम कंप्यूटिंग प्रदान करेगी।

14. ग्लोबल रिस्क रिपोर्ट किस संगठन द्वारा प्रकाशित की जाती है _____ **वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम।**

नोट:

- रिपोर्ट के निष्कर्ष WEF के विभिन्न नेतृत्व समुदायों के 650 से अधिक सदस्यों द्वारा किए गए ग्लोबल रिस्क पर्सेप्शन सर्वे (GRPS) पर आधारित हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह रिपोर्ट स्ट्रैटेजिक पार्टनर्स, मार्श मैक्लेनन के साथ भागीदारी में एसके ग्रुप और ज्यूरिख इंश्योरेंस ग्रुप के साथ तैयार की गई है।
- रिपोर्ट WEF के आगामी वर्चुअल दावोस एजेंडा के पहले जारी गई जो 25-29 जनवरी, 2021 के बीच आयोजित होगा।

15. व्यवसायों को प्रभावित करने वाले प्रमुख बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPR) के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय संघ (EU) आयोग और भारत सरकार के किस विभाग के बीच पहला इंडिया- EU IPR डायलॉग 2021 आयोजित किया गया था_____**DPIIT।**

नोट:

- डायलॉग में IP के विशिष्ट क्षेत्रों में सूचनाओं का आदान-प्रदान देखा गया।
- भारतीय पक्ष ने राष्ट्रीय IPR नीति 2016 के साथ IPR के विकास पर एक सामान्य समीक्षा पेश की, जिसके परिणामस्वरूप स्टार्ट-अप और MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) के बीच नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए विधायी सुधार हुए।

16. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने तकनीकी आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और स्थायी जियो-हेजार्ड के प्रबंधन पर सहयोग के लिए किस संगठन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_____ **DRDO।**

नोट:

- यह पहल भूस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ देश में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क प्रयोग करने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश ने क्षेत्र में बांस की खेती और संबंधित उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए पूर्वोत्तर गन्ना एवं बांस विकास परिषद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए _____ **जम्मू और कश्मीर।**

नोट:

- पूर्वोत्तर गन्ना एवं बांस विकास परिषद (NECBDC) क्षेत्र में बांस की विभिन्न प्रजातियों की खेती में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगी।
- यह जम्मू और कश्मीर में बांस आधारित उद्योगों के विकास को बढ़ावा देगा, जिससे बांस आधारित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।
- MoU कृषि भूमि पर "हर मेड़ पर पेड़" मिशन के तहत वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप था।

2. भारत के किस राज्य में पहले 'फायर पार्क' और एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म 'अग्निशामक सेवा' का उद्घाटन किया गया_____**ओडिशा।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री पटनायक ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म 'अग्निशामक सेवा' भी लॉन्च किया, जिसके माध्यम से अग्नि संबंधी 16 सेवाओं का लाभ उठाया जा सकता है।
- फायर पार्क मुख्य रूप से स्कूल और कॉलेज के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अग्नि सुरक्षा उपायों पर जागरूकता प्रदान करने के लिए अपनी तरह की पहली पहल है।
- यह भुवनेश्वर में ओडिशा फायर एंड डिजास्टर अकादमी के परिसर में स्थित है।

3. विश्व श्रम आंदोलन के इतिहास को दर्शाने वाला भारत का पहला श्रम आंदोलन संग्रहालय किस राज्य में खोला जाएगा _____ **केरल।**

नोट:

- संग्रहालय में महाद्वीपों में श्रम आंदोलनों को आकार देने वाले और विशेष रूप से केरल में श्रम आंदोलन के उद्गम स्थल अलाप्पुझा को प्रभावित करने वाले दस्तावेजों का एक विशाल भंडार दिखाया जाएगा।
- पोर्ट और कॉयर संग्रहालयों के निकट स्थित शहर की समृद्ध समुद्री विरासत प्रदर्शित करने वाला श्रम आंदोलन संग्रहालय संघर्ष वर्ग और श्रमिकों की उत्साहपूर्ण लड़ाई पर देश में पहला ऐसा झरोखा एक बड़ी परियोजना का हिस्सा है जो पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा।

4. मध्य प्रदेश सरकार ने किस राज्य की अग्रणी रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म (RT) पहल की प्रतिकृति बनाने के लिए किस राज्य के साथ समझ पत्र पर हस्ताक्षर किए_____ **केरल।**

नोट:

- राज्यों ने एक संयुक्त घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत केरल 16-सूत्रीय कार्यक्रम के तहत सेवाओं का विस्तार करेगा।
- पर्यटन मंत्री कडकमपल्ली सुरेंद्रन और उनकी मध्यप्रदेश की समकक्ष उषा ठाकुर ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।
- समझौते के तहत, केरल 16-सूत्रीय कार्यक्रम के तहत अनेक सेवाएं प्रदान करेगा।

5. किस राज्य सरकार ने भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक (RCS-UDAN) के तहत भारत की पहली एयर टैक्सी सेवा का उद्घाटन किया_____**हरियाणा।**

नोट:

- उद्घाटन में, हरियाणा के मुख्यमंत्री ने योजना के तहत चंडीगढ़ से पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई।
- यह भारत में पहली बार है जब एक छोटे विमान का उपयोग एयर टैक्सी सेवा के लिए किया जा रहा है।
- एयरलाइन एविएशन कनेक्टिविटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (एयर टैक्सी) एयर टैक्सी सेवाओं का संचालन करेगी और यह भारत में ऐसी सेवा शुरू करने वाली भारत की पहली स्टार्टअप एयरलाइन बन गई है।

6. महानंदा वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है, जहां फरवरी 2021 में प्रथम महानंदा पक्षी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा_____ **पश्चिम बंगाल।**

नोट:

- दार्जिलिंग वाइल्डलाइफ डिवीजन 20 से 23 फरवरी तक पहले महानंदा पक्षी महोत्सव का आयोजन करेगा।
- प्रतिभागियों को वनों के अंदर अन्य बर्डिंग ट्रेल्स के अलावा रोंगडोंग और लात्पंचार जैसे लोकप्रिय बर्डिंग स्पॉट पर ले जाया जाएगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- आगंतुक महोत्सव के दौरान नदियों, मैदानों, जंगलों और पहाड़ियों के विविध परिदृश्य को देख सकेंगे।

7. कहां उगने वाले दुनिया के सबसे महंगे मशरूमों में से एक के लिए एक भौगोलिक संकेत (GI) टैग मांगा गया है_____ **जम्मू और कश्मीर।**

नोट:

- स्थानीय रूप से गुच्ची, या मोरेल के नाम से प्रसिद्ध मशरूम, जिसकी कीमत 20,000 रुपये/ किग्रा से अधिक है, स्थानीय किसानों और आदिवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली वन उपज है। पिछले जून में, राज्य से केसर को GI टैग प्रदान किया गया था।
- जम्मू स्थित NGO बॉर्डर वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा हाल ही में जियोग्राफिकल इंडिकेशन रजिस्ट्री में गुच्ची मशरूम के लिए GI टैग आवेदन दायर किया गया था और यह कृषि निदेशक, जम्मू और कश्मीर द्वारा आगे बढ़ाया गया था।

8. किस राज्य सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 की_____**उत्तराखंड।**

नोट:

- सरकार मनरेगा के तहत कार्य दिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 करेगी और संपूर्ण लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।
- यह निर्णय राज्य रोजगार गारंटी परिषद की बैठक के दौरान लिया गया।
- नरेगा (NREGA) पहली बार 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव द्वारा प्रस्तावित किया गया था। वर्ष 2008 में संसद में पारित मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा बढ़ाने के लिए 100 दिनों का वेतन रोजगार प्रदान करना है।

9. नीति आयोग द्वारा जारी इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2020 में कौन सा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा_____ **कर्नाटक।**

नोट:

- इंडिया इनोवेशन इंडेक्स-2020 में, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके प्रदर्शन की तुलना करने के लिए 17 बड़े राज्यों, 10 पूर्वोत्तर तथा पहाड़ी राज्यों और नौ केंद्र शासित प्रदेशों और छोटे राज्यों में विभाजित किया गया है।
- 2020 की रैंकिंग में, कर्नाटक ने बड़े राज्य की श्रेणी में अपना पहला स्थान बरकरार रखा। महाराष्ट्र एक स्थान ऊपर चला गया और दूसरे स्थान पर रहा जबकि तमिलनाडु तीसरे स्थान पर खिसक गया।

10. तेलंगाना सरकार के महिला उद्यमिता हब (WE हब) ने विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी जुटाने हेतु महिलाओं के स्टार्टअप को सक्षम और समर्थन बनाने के लिए किस राज्य सरकार के 'I-Hub' (स्वतंत्र हब) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **गुजरात।**

नोट:

- इस साझेदारी से न केवल तेलंगाना और गुजरात बल्कि पूरे भारत की महिला उद्यमी लाभान्वित होंगी।
- WE हब भारत का पहला राज्य-नेतृत्व वाला इनक्यूबेटर है जो विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए है, इसे 2017 में स्थापित किया गया था।
- MoU पर तेलंगाना आईटी और उद्योग के प्रमुख सचिव जयेश रंजन और गुजरात उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के प्रमुख सचिव अंजू शर्मा द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

11. प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से बिजली सब्सिडी देने वाला पहला राज्य _____ **मध्य प्रदेश।**

नोट:

- इसके साथ, इसने केंद्र द्वारा प्रस्तावित बिजली सुधार की शर्त को पूरा किया है और इस प्रकार अतिरिक्त उधार लेने के लिए पात्र है।
- इस योजना को राज्य के विदिशा जिले में लागू किया गया है, जहां दिसंबर 2020 से एमपी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जा रही है।
- इस योजना के तहत, दिसंबर में 60,081 लाभार्थियों के बैंक खातों में 32.07 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।

12. BSE ने राज्य के लघु और मध्यम स्तरीय उद्यमों में सूचीबद्ध होने के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किस राज्य सरकार के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए _____**महाराष्ट्र।**

नोट:

- इस संदर्भ में, BSE ने महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह समझौता ज्ञापन राज्य के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को पूंजी बाजार में पंजीकृत होने और सार्वजनिक पूंजी बाजार से पूंजी जुटाने में मदद करेगा।
- BSE महाराष्ट्र के सभी MSME उद्योगों को तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा।

13. किस राज्य सरकार ने कृषि, बागवानी में तेजी लाने और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए 'मुख्यमंत्री बागायत विकास मिशन' शुरू करने की घोषणा की _____ **गुजरात।**

नोट:

- इसका उद्देश्य कृषि, बागवानी में तेजी लाना और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देना है।
- यह ऐसे उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के माध्यम से रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।
- इस मिशन के तहत, सरकार की अपशिष्ट भूमि (लगभग 20000 हेक्टेयर) बागवानी और औषधीय फसलों की खेती के लिए 30 वर्ष के पट्टे पर दी जाएगी।

14. NASSCOM ने कृषि क्षेत्र में चुनौतियों पर ध्यान देने हेतु अभिनव कृत्रिम बुद्धिमत्ता समाधानों की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नवाचार कारखाना शुरू करने के लिए किस राज्य के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन के साथ भागीदारी की है_____**तेलंगाना।**

नोट:

- उन्होंने स्टार्ट-अप्स के लिए एक 'इनोवेशन चैलेंज' की घोषणा की है, जिसमें ऐसे विचार आमंत्रित किए गए हैं जो किसानों को उनकी आय बढ़ाने में मदद करके उनका जीवन आसान बना सकते हैं।
- विजेता को 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि जीतने का मौका मिलेगा, जबकि उपविजेता को 50,000 रुपये मिलेंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान ने समुद्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए_____**रूस।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट:

- POI रसियन एकेडमी ऑफ साइंसेज की सुदूर पूर्वी शाखा में सबसे बड़ा शोध संस्थान है जिसमें आधुनिक उपकरणों से लैस 31 शोध इकाइयां हैं।
- जबकि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की घटक अनुसंधान प्रयोगशालाएं CSIR-NIO और CSIR-NGRI क्रमशः समुद्र विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध संस्थान हैं।

2. भारत ने सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और 5G के मानकीकरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **जापान।**

नोट:

- संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री रवि शंकर प्रसाद और जापान के आंतरिक मामलों और संचार मंत्री टेकेडा रायोटा द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- एक वीडियो सम्मेलन के माध्यम से इसका आदान-प्रदान किया गया।
- दूरसंचार विभाग और जापान का संचार मंत्रालय 5G प्रौद्योगिकियों, दूरसंचार सुरक्षा, भारत के द्वीपों के लिए सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल सिस्टम, स्पेक्ट्रम मैनेजमेंट, स्मार्ट सिटी, असंबद्ध क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड हेतु ऊंचे प्लेटफॉर्म, आपदा प्रबंधन और सार्वजनिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाएंगे।

3. संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (UN DESA) द्वारा जारी रिपोर्ट 'इंटरनेशनल माइग्रेशन 2020' के अनुसार किस देश में वर्ष 2020 में दुनिया का सबसे बड़ा पार देशी समुदाय था_____ **भारत।**

नोट:

- संयुक्त अरब अमीरात (3.5 मिलियन), संयुक्त राज्य अमेरिका (2.7 मिलियन) और सऊदी अरब (2.5 मिलियन) में सर्वाधिक भारतीय प्रवासी निवास करते हैं।
- वैश्विक स्तर पर, अपने जन्म के देश से बाहर रह रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या वर्ष 2020 में 281 मिलियन तक पहुंच गई। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी दुनिया की लगभग 3.6% आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- कोविड-19 के कारण अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन का विकास 27% या 2 मिलियन धीमा हो गया है।

4. किस देश के साथ भारत ने 'निर्दिष्ट कुशल कामगार' (SSW) प्रणाली के परिचालन के लिए सहभागिता के मूलभूत ढांचे पर समझौता ज्ञापन (MoC) पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **जापान।**

नोट:

- SSW अप्रैल, 2019 में उन विदेशी नागरिकों के लिए जापान में एक नई सामाजिक स्थिति है, जिनके पास एक निश्चित स्तर की विशेषज्ञता और कौशल है।
- कुछ पेशेवर और भाषा कौशल वाले भारतीय नागरिक SSW प्रणाली के तहत काम करने के पात्र होंगे।
- 14 निर्दिष्ट उद्योग क्षेत्र हैं जो SSW के अंतर्गत आते हैं और उन क्षेत्रों में कामगार और पेशेवर पात्र हो सकते हैं।

5. किस देश के पर्वतारोहियों ने शीतकाल में दुनिया के दूसरे सबसे ऊंचे पर्वत K2 को फतह करके इतिहास रचा _____**नेपाल।**

नोट:

- काराकोरम रेंज के गिलगित-बाल्टिस्तान की ओर स्थित चोटी को दुनिया की सबसे खतरनाक और चुनौतीपूर्ण चोटी माना जाता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- यह उपलब्धि कई टीमों- एक निर्मल पुरजा के नेतृत्व में और दूसरी मिंगमा ग्यालजे शेरपा के नेतृत्व में, से जुड़े पर्वतारोहियों के बीच एक सहयोगी प्रयास का परिणाम थी।
- यह 8,000 मीटर ऊंची चोटियों में से केवल एक थी जिस पर शीतकाल में आरोहण नहीं किया गया था।

6. किस देश ने मूर्तियों और स्मारकों के रूप में इंग्लैंड की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर की रक्षा के लिए नए कानून लागू किए_____**यूनाइटेड किंगडम।**

नोट:

- ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि उन्हें एक सनक में न हटाया जाए।
- यह कदम पिछले वर्ष देश में 'ब्लैक लाइव्स मैटर' विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर उठाया गया, जिसमें कई ऐतिहासिक स्मारकों को निशाना बनाया गया है, जिसमें लंदन में पार्लियामेंट स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ भित्ति चित्र भी शामिल है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. किन्हें अपनी साहित्यिक रचना के लिए हिंदी राइटर्स गिल्ड, कनाडा द्वारा सम्मानित किया गया _____ **रमेश पोखरियाल 'निशंक'।**

नोट:

- निशंक को एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से गवर्नर की उपस्थिति में "साहित्य गौरव सम्मान" से सम्मानित किया गया।
- इस अवसर पर कनाडा में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया भी उपस्थित थे।

2. कुईदे मिल्लेथ अवॉर्ड 2021 से किन्हें सम्मानित किया गया_____ **बिल्कीस दादी।**

नोट:

- दादी शाहीन बाग एंटी-CAA विरोध प्रदर्शन का चेहरा थीं।
- इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर, नई दिल्ली में राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा के लिए दोनों को सम्मानित किया गया।
- पुरस्कार में शॉल, प्रशस्ति पत्र और 2.5 लाख रुपये की नकद राशि शामिल है।

3. प्रेस क्लब ऑफ बेंगलुरु द्वारा दिए जाने वाले 'प्रेस क्लब पर्सन ऑफ द ईयर' के लिए किसे चुना गया_____ **अजीम प्रेमजी।**

नोट:

- नारायण हेल्थ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी और अभिनेता-निर्देशक सुदीप संजीव को 'प्रेस क्लब स्पेशल अवार्ड' के लिए चुना गया।
- उनके अलावा 25 वरिष्ठ पत्रकारों को 'प्रेस क्लब वार्षिक पुरस्कार' के लिए चुना गया।
- मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा फरवरी के तीसरे सप्ताह में होने वाले एक समारोह में पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

4. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में 'इंडियन पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' से किसे सम्मानित किया गया_____ **बिस्वजीत चटर्जी।**

नोट:

- पुरस्कार की घोषणा समारोह के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा की गई।
- बिस्वजीत चटर्जी को 'बीस साल बाद' में कुमार विजय सिंह, 'कोहरा' में राजा अमित कुमार सिंह, 'अप्रैल फूल' में अशोक, 'मेरे सनम' में रमेश कुमार, 'नाइट्स इन लंदन' में जीवन, 'दो कलियां' में शेखर और 'किस्मत' में विक्की की भूमिकाओं के लिए जाना जाता है।

खेल समाचार

1. बैंकाक में आयोजित थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल खिताब किसने जीता____ **कैरोलिना मारिन।**

नोट:

- मारिन (27 वर्षीय) ने चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्ज़ु यिंग को सीधे मुकाबले में हराया, वह टोक्यो में इस वर्ष के अंत में अपने ओलंपिक खिताब का बचाव करेंगी।
- ताई पहले गेम में एकल अंक के स्कोर तक सीमित थी और जब दूसरे में उन्होंने कड़ी टक्कर दी, अंत में मारिन ने 21-9, 21-16 से मैच जीता।

2. बैंकाक में आयोजित थाईलैंड ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुषों का एकल खिताब किसने जीता____ **विक्टर एक्सेलसेन।**

नोट:

- इस बीच, एक्सलसेन ने हांगकांग के एंगस नग का लांग पर 21-14, 21-14 की जीत के साथ लगातार दूसरी टूर्नामेंट जीत दर्ज की। एक्सलसेन ने इससे पहले मार्च में ऑल इंग्लैंड ओपन चैम्पियनशिप जीती थी।
- इंडोनेशिया की ग्रीसिया पोली और अप्रियानी राहायु ने थाईलैंड की जोंगकोल्पन किथिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगियाई को 21-15, 21-12 से हराकर महिला युगल का फाइनल जीता।

पुस्तकें एवं लेखक

1. 'मनोहर पर्रिकर -ऑफ द रिकॉर्ड' पुस्तक के लेखक _____ **वामन सुभा प्रभु।**

नोट:

- पुस्तक वरिष्ठ पत्रकार वामन सुभा प्रभु द्वारा लिखी गई है।
- पुस्तक 'मनोहर पर्रिकर- ऑफ द रिकॉर्ड' श्री प्रभु की यादों का एक संग्रह है जो उनके जीवन के दौरान स्वर्गीय पर्रिकर के साथ घटित हुईं।
- पुस्तक में लेखक ने स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर के बहुआयामी व्यक्तित्व को बयान करने का प्रयास किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

2. "द मेकिंग ऑफ आधार: वर्ल्डस लार्जेस्ट आइडेंटिटी प्लेटफॉर्म" पुस्तक किसने लिखी _____ **राम सेवक शर्मा।**

नोट:

- शर्मा ने झारखंड में विभिन्न नौकरशाही पदों पर तैनाती के दौरान अपने अनुभवों को संक्षेप में प्रस्तुत किया है, जिसमें कर्मियों के रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित करना और सार्वजनिक शिकायतों के डिजिटलीकरण से लेकर चुनाव सामानों के प्रबंधन तक (सभी नवीन डिजिटल साधनों का उपयोग करते हुए) शामिल हैं।
- इन वृत्तांतों से सीख आधार परियोजना के निर्माण खंड साबित हुए।

3. महाराष्ट्र सरकार ने नागपुर में गोरेवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय चिड़ियाघर का नाम बदलकर किस के नाम पर किया _____ **बालासाहेब ठाकरे।**

नोट:

- जूलॉजिकल पार्क लगभग 2,000 हेक्टेयर वन भूमि में होगा।
- मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे 26 जनवरी को चिड़ियाघर में इंडियन सफारी का उद्घाटन करेंगे।
- इंडियन सफारी के उद्घाटन के तुरंत बाद 40-सीट क्षमता वाले तीन विशेष वाहन और एक ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराई जाएगी।

विज्ञान एवं रक्षा

1. भारत की किस रक्षा विनिर्माण कंपनी ने भारत में स्टारस्ट्रीक एयर डिफेंस सिस्टम के निर्माण के लिए यूरोपीय रक्षा कंपनी थेल्स के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं_____ **भारत डायनेमिक्स लिमिटेड।**

नोट:

- 13 जनवरी 2021 को आयोजित एक वर्चुअल समारोह में टीम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- BDL इस समझौते के माध्यम से, यूके के सशस्त्र बलों सहित मौजूदा और भविष्य में स्टारस्ट्रेक एयर डिफेंस के ग्राहकों को प्रणाली के निर्यात का अवसर प्रदान करते हुए, स्टारस्ट्रीक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक हिस्सा बन जाएगा।
- BDL, अपनी वैश्विक पहुंच के एक भाग के रूप में, "मेक इन इंडिया" मिशन को आगे ले जाने के लिए विदेशी कंपनियों के साथ गठबंधन करने हेतु प्रयासरत है।

2. इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज (INMAS) द्वारा 350cc रॉयल एनफील्ड क्लासिक बाइक पर बनाई गई मोटर बाइक एम्बुलेंस_____ **रक्षिता।**

नोट:

- इसे DRDO लैब न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज (INMAS), नई दिल्ली द्वारा विकसित किया गया था।
- यह दुर्घटना की स्थिति में एक बाइक आधारित परिवहनीय आपातकालीन वाहन है।
- विशिष्ट रूप से निर्मित 'रक्षिता' एम्बुलेंस 350cc रॉयल एनफील्ड क्लासिक बाइक पर बनाई गई हैं।
- रक्षिता में एक कस्टमाइज़्ड रिक्लाइनिंग कैजुअल्टी इवैक्यूएशन सीट (CES) लगी है।

3. संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेजर्ट नाइट 21' भारत और किस देश के बीच आयोजित किया जाएगा_____ **फ्रांस।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

- इसमें परिचालन समन्वय को बढ़ाने के लिए दोनों देशों के राफेल जेट विमानों को जटिल युद्धाभ्यास करते देखे जाने की उम्मीद है।
- अभ्यास का उद्देश्य परिचालन क्षमता प्रदर्शित करना है और युद्ध क्षमता को बढ़ाने की दिशा में सर्वोत्तम अभ्यास साझा करना है।
- दोनों वायु सेनाएं अभ्यास में फ्रंटलाइन फाइटर जेट्स के साथ-साथ परिवहन और टैंकर विमानों को तैनात करेंगी।

4. केंद्र सरकार ने मित्र देशों को किस मिसाइल का निर्यात करने का फैसला किया है _____ **आकाश।**

नोट:

- मिसाइल प्रणाली को निर्यात करने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक कैबिनेट बैठक में लिया गया था।
- आकाश मिसाइल प्रणाली में 96 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी घटक हैं और यह हथियार 25 किमी की दूरी तक लक्ष्य को निशाना बना सकता है।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co